केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
क्षेत्रीय कार्यालय
35 - बी सिविल स्टेशन, सिविल लाइन, एम. जी. मार्ग, इलाहाबाद
दूरभाष : 0532-2407970, 2407972,फैक्स: 0532-2408977

निविदा सूचना

सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से क्षेत्रीय अधिकारी,के.मा.शि.बो., क्षेत्रीय कार्यालय, इलाहाबाद द्वारा के.मा.शि.बो.,क्षेत्रीय कार्यालय, इलाहाबाद के लगभग 43,700 वर्ग फीट के संरक्षित भाग को तथा 15000 वर्ग फीट के अहाता भाग के साफ़ सफाई कार्य हेतु इलाहाबाद में स्थापित एजेंसियों से सील बंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं| एजेंसी जिन्होंने कम से कम 6.0 लाख या उससे अधिक के 2 संविदा या 4.0 लाख के 3 कार्य या उससे अधिक गृह प्रबंधन का कार्य बहु मंजिल भवनों/ अस्पतालों/ होटलों/सरकारी/ अर्ध-सरकारी उपक्रमों/ बहु राष्ट्रीय कंपनी/प्रसिद्ध निजी संगठनों में किया हो, वही निविदा डालने योग्य हैं| उनको पिछले तीन वर्ष की संतोषजनक रिपोर्ट को संलग्न करना आवश्यक है|

निविदा को तकनीकी बोली (स्थापना एवं दुकान अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण, इ.पी.एफ. एवं इ.एस.आई. प्रमाण पत्र, श्रम अनुज्ञप्ति, नियम एवं शर्ते, इ.एम.डी. एवं अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि|) और मूल्य बोली को दो अलग- अलग बंद लिफाफों में प्रस्तुत करें| दोनों लिफाफों को एक उससे बड़े लिफाफे में डालें जिस पर **साफ़ सफाई कार्य हेतु निविदा** लिखा हो, जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, 35 - बी, एम. जी. मार्ग, सिविल लाइन, इलाहाबाद-211001 (उत्तर प्रदेश) संबोधित हो, डाक द्वारा भेजा जा सकता हैं या 11 फ़रवरी, 2016 (अपराह्न 1:00 बजे तक) से पहले के.मा.शि.बो. के क्षेत्रीय कार्यालय, इलाहाबाद में निविदा बक्से में स्वयं उपस्थित होकर डाला जा सकता हैं|

कार्य विशिष्टि, नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण के साथ निविदा प्रपत्र को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक 18 जनवरी से 11 फ़रवरी, 2016 तक रु. 500/-(अप्रतिदेय) का भुगतान करके बोर्ड के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर ख़रीदा जा सकता हैं| यह प्रपत्र केमाशिबो की वेब साइट www.cbse.nic.in से भी डाउनलोड किया जा सकता हैं (ऐसे प्रकरण में, डाउनलोड किये गये फॉर्म को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गम रु. 500/- का मांग-पत्र “सचिव के.मा.शि.बो., इलाहबाद” के पक्ष में देय करके भेजा जा सकता हैं) निविदा की धरोहर धनराशि रु. 35,000/- का मांग -पत्र जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से “सचिव, के.मा.शि.बो., इलाहबाद” के पक्ष में देय हो, के साथ भेजे| धरोहर धनराशि किसी भी और माध्यम से स्वीकार्य नहीं होंगी और निविदा को संक्षेपत: अस्वीकृत कर दिया जायेगा|

तकनीकी बोली 11 फ़रवरी, 2016 अपराह्न 3:00 बजे से इच्छुक निविदाकारों की उपस्थिति में खोली जाएगी| तकनीकी उत्तीर्ण एजेंसियों की मूल्य बोली खोलने की तिथि उसी समय बताई जायेगी | मूल्य बोली उपस्थित होने वाले इच्छुक निविदाकारों की उपस्थिति में खोली जाएगी| बोर्ड के सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को पूर्णतय: या अंशत: स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार है|

क्षेत्रीय अधिकारी